एक नजर

कॉलेज में आयोजित रोजगार मेले में 170 युवाओं का चयन

हरदा खुले रोजगार मेला 2025 का हरदा डिग्री कॉलेज द्वारा सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रोजगार के अवसरों का लाभ उठाया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला रोजगार अधिकारी हरदा श्री लक्ष्मण सिंह सिलोटे उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में डॉ. संगीता बिले, प्राचार्य प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज हरदा, डॉ. गिरीश सिंहल, डायरेक्टर हरदा डिग्री कॉलेज तथा डॉ. अभिलाषा सिंहल, प्राचार्य हरदा डिग्री कॉलेज हरदा शामिल रहीं। रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराना था। इस मेले में कुल 30 प्रतिष्ठित कंपनियों में गुजरात, अहमदाबाद, भोपाल, इंदौर, हरदा ने सहभागिता की और मौके पर ही रोजगार एवं भर्ती से संबंधित प्रक्रियाओं को पूर्ण किया। इस रोजगार मेले में लगभग 700 युवाओं ने पंजीयन कराया जिसमें 170 युवाओं का अलग अलग कंपनियों ने चयन किया तथा उनका अधिकतम सालाना पैकेज 2.50 लाख रहा। इसमें मुख्यतः कम्पनी गुजरात दाहेज की स्काय टायर वर्क्स, ग्राम पुकार अहमदाबाद, कोटक जेनेटिक्स लिमिटेड हैदराबाद, इन्दौर से लाइफ लाइन एवं लाइन साल्युशन, भारत फायनेंसियल इनक्लुसिब लिमिटेड, स्थानीय स्तर पर शिरीष अग्रवाल एंड एसोसिएशन, व्हाइट फ्रेश फुड प्रोडक्ट (अमृत श्री), जियो डिजीटल हरदा एवं अन्य कम्पनियॉ अपने अपने प्रतिनिधि के साथ सहभागिता की।

दिल्ली जा रहे किसानों को ट्रेन से उतारा

नवभारत न्यूज

इटारसी, 18 नवम्बर 2025 इटारसी जंक्शन पर उस समय भारी हलचल मच गई जब तमिलनाडु एक्सप्रेस से 100 किसान नेताओं को उतारने की खबर आई। संभावित विरोध प्रदर्शनों और कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, रेलवे स्टेशन को पुलिस छावनी में बदल दिया गया था।

इटारसी स्टेशन पर कड़ी सुरक्षा

200 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए जंक्शन पर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई खुफिया इनपुट के आधार पर की जा रही है कि किसान नेता स्टेशन पर या उसके आसपास कोई विरोध प्रदर्शन आयोजित कर सकते हैं।

यात्रियों की आवाजाही प्रभावित

सुरक्षा कारणों से स्टेशन परिसर में यात्रियों आने जाने वालों की आवाजाही को भी सीमित किया गया है, जिससे कुछ असुविधा हो रही है।

किसान नेताओं पर कार्रवाई

माना जा रहा है कि ये नेता किसी बड़े राष्ट्रीय या क्षेत्रीय किसान आंदोलन से जुड़े हो सकते हैं और किसी विरोध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यात्रा कर रहे थे। पुलिस और रेलवे अधिकारियों ने इस मामले पर अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था का कड़ा इंतजाम किया गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि किसान नेताओं को हिरासत में लिया जाएगा.

दिल्ली न पहुँचें किसान, इसके लिये किया पूरा इंतजाम

दक्षिण भारत की ओर से आने वाले किसान जो दिल्ली में बडे आंदोलन को सफल बनाने के लिये कूच कर रहे हैं उन किसानों को रेल प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने मिलकर इटारसी एवं नर्मदापुरम स्टेशन पर उतारकर दिल्ली की ओर न जाएं इसका पूरा इंतजाम दोनो स्टेशनों पर कर रखा है .स्टेशनों पर पुलिस छाबनी बन चुकी है . किसानों को डंडे की दम पर ट्रेनों से उतारकर वापस सुबह भेजा जावेगा . सूत्रों ने बताया कि किसान संगठन दिल्ली पहुंचकर एमएसपी और कावेरी जल विवाद के साथ किसानों की अन्य समस्याओं के साथ दिल्ली की ओर बढ रहे हैं लेकिन जिस ट्रेन में सौ से अधिक किसानों की संख्या होती है तो पुलिस प्रशासन उन्हें इटारसी या नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर उतारकर बिठा लेते हैं बाद में उन्हें वापिस दक्षिण जाने वाली ट्रेनों में बिठा देते हैं . किसानों का कहना है कि, हमारे लोग तो दिल्ली पहुंच ही चुके हैं और हमें रोका जा रहा है जितना हमें रोकेंगे उससे बडा आंदोलन हमारा सफलतापूर्वक दिल्ली में होगा . इसके लिये किसान संगठन एक है और सभी लोगों की समस्या भी एक है . सरकार चाहे हमें रोक ले .

नप अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने पीआईसी भंग की, भेजी सूचना

पिछले कुछ समय से नगर परिषद के कार्यों को लेकर मतभेद, असहमति और कई बार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।

नवभारत न्यूज

सिराली, 18 नवम्बर नगर परिषद सिराली में प्रशासनिक गतिविधियों के बीच एक बड़ा निर्णय सामने आया है। नगर परिषद की अध्यक्ष अनीता कैलाश चंद्र अग्रवाल ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए परिषद की पीआईसी को भंग कर दिया है।

इस संबंध में पीआईसी के सभी सदस्यों को आधिकारिक सूचना भेज दी गई है, जिसमें पार्षद वंदना राजपूत भी शामिल हैं। अध्यक्ष द्वारा जारी निर्देशों में उल्लेख है कि यह निर्णय मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत लिया गया है। बताया गया है कि परिषद के समुचित संचालन, पारदर्शिता और प्रशासनिक व्यवस्था को सुधारने के लिए पीआईसीको तत्काल प्रभाव से भंग किया जाना आवश्यक समझा गया। परिषद सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ समय से नगर परिषद के कार्यों को लेकर मतभेद, असहमति और कई बार विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। निर्माण कार्यों, खर्चों के अनुमोदन और निर्णय प्रक्रिया को लेकर समिति के भीतर मतभेद बढ़ रहे थे।

इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए अध्यक्ष द्वारा पीआईसी को भंग करने का कदम उठाया गया। इस निर्णय के बाद नगर परिषद में राजनीतिक चर्चाएँ तेज हो गई हैं। इसे परिषद में चल रहे आंतरिक विवादों का परिणाम मान रहे हैं। अब सभी की नजर अध्यक्ष और परिषद के आगामी निर्णयों पर टिकी हुई हैं कि नई पीआईसी कब गठित होगी और इसमें कौन शामिल होगा।

काली राखड़ से परेशान खिलाड़ी

पिपरिया शासकीय आरएनए उत्कृष्ट मैदान पर नवरात्रि के दौरान स्वदेशी मेले के अवसर पर बारिस के दौरान डाली गई काली राखड साफ न होने से खिलाडियों को खेलने में परेशानियों का सामना करना पड रहा है। आरएनए उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर नवरात्रि के दौरान स्वदेशी मेला का आयोजन किया गया.

कचरा स्पॉट को लेकर बायपास पर विरोध प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

इटारसी, 18 नवम्बर नगर पालिका द्वारा शिक्षक नगर न्यास क्षेत्र में बायपास सड़क पर, जगदंबा मैरिज गार्डन के पास बनाए गए अनधिकृत कचरा डंपिंग स्पॉट और कचरा जलाने की घटना से स्थानीय रहवासी और स्कूली बच्चे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना कर रहे हैं। कचरे से उठने वाले जहरीले धुएँ और बदबू से त्रस्त होकर मंगलवार को वार्ड 17 के नागरिकों ने बायपास पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर दिया। शिक्षक नगर न्यास क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि नगरपालिका द्वारा बेहिसाब कचरा फेंकने और उसमें आग लगाने से पूरा इलाका 'गैस चेंबर' में बदल गया है। लगातार जहरीला धुआँ झेलने के कारण बड़ी संख्या में नागरिक दमे, एलर्जी और सांस की गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। सबसे बड़ी चिंता डंपिंग स्पॉट के बिल्कुल पास स्थित दो स्कूलों के सैकड़ों बच्चों को लेकर है। अभिभावकों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को रोजाना यह जहरीला धुआँ निगलना पड़ रहा है, जिससे उनके फेफड़े कमजोर हो रहे हैं। एक अभिभावक ने कहा, यह स्वास्थ्य पर नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के भविष्य पर हमला है। नागरिकों ने यह भी बताया कि धुएँ के कारण रात में बच्चों को सांस लेने में दिक्कत होती है.

संतान को अच्छे संस्कार दो

हरदा नीमगांव स्थित श्रीगुरु जम्भेश्वर मंदिर में विश्नोई समाज का पांच दिनी अगहन महोत्सव मनाया जा रहा है। सुबह हवन यज्ञ के बाद दोपहर एक बजे से जाम्भाणी हरिकथा की जा रही है। कथा की शुरुआत श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेव गायन के साथ किया गया।

आउटसोर्स कर्मचारियों को 2 माह से वेतन नहीं

नवभारत न्यूज

इटारसी, 18 नवम्बर नगर पालिका परिषद (नपा) इटारसी में कार्यरत आधा सैकड़ा से अधिक आउटसोर्स सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को सुबह नगरपालिका कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारी पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण नाराज थे, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक और पारिवारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि उन्हें कलेक्टर रेट के हिसाब से भी वेतन नहीं दिया जा रहा है। चूंकि इन आउटसोर्स कर्मचारियों पर ही शहर की सफाई व्यवस्था का जिम्मा है.

ऐसे में वेतन न मिलने के कारण शहर की सफाई व्यवस्था डगमगा सकती है। प्रदर्शन के बाद कर्मचारियों ने संबंधित अधिकारी से मिलकर अपनी समस्या का समाधान करवाने की बात कही है।

बाल संरक्षण सप्ताह में हुए विभिन्न आयोजन

नवभारत न्यूज

माखननगर. 18 नवम्बर 2025 श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में प्राचार्य डॉ. नीता चौबे के निर्देशन में शासन द्वारा मनाये जा रहे बाल संरक्षण पखवाड़े के चतुर्थ दिवस में मानसिक स्वास्थ्य और ऑनलाइन शोषण विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पोक्सो अधिनियम ,राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल ,भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (14 सी) के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया जिससे कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और ऑनलाइन शोषण के खिलाफ सहायता मिले .

उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ प्राध्यापक और जिला संगठन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो.डी . एस.खत्री ,डॉ. क्षमा मेहरा ,डॉ. राजकुमार पटवा , प्रो. शिवानी मालवीय उपस्थित थे कार्यक्रम का सफल आयोजन रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कविता दुबे एवं डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया.

बैठक संपन्न

पिपरिया पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक साइबर क्राइम ठगी से बचाव के तरीको की जानकारी को लेकर आयोजित हुई। पेंशनर मासिक बैठक अग्रिहोत्री भवन में आयोजित हुई.

ठंड से राहत पाने चौक चौराहों पर जल रहे अलाव

नवभारत न्यूज

हरदा, 18 नवम्बर नवंबर महीने में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। ऐसे में लोगों को ठंड से राहत देने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी रखी जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटीदार एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति भारती राजू कमेडिया ने बताया कि नगर पालिका द्वारा शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं आश्रय स्थल, घंटाघर चौक, प्रताप टॉकीज चौराहा, बस स्टैंड, बायपास हनुमान मंदिर चौराहा पर अलाव जलाने के लिए लकड़ी पहुंचाई।

क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की सर्दी के चलते ट्रेन एवं बस से उतरने वाले यात्री ठंड से परेशान होते नजर आते थे। बाहर से आने वाले यात्री एवं स्थानीय लोगों को ठंड से राहत के लिए नगर पालिक ने अलाव जलना शुरू कर दिया है।

जगह जगह लगे कचरे के ढेर

पिपरिया हथवांस ग्राम में स्वच्छता अभियान को नजर अंदाज कर कचरे के जगह जगह ढेर लगे है। प्रदेश में स्वच्छता अभियान का संदेश देने लगातार अधिकारी, कर्मचारी, जन प्रतिनिधि प्रयासरत है परंतु पीएमश्री स्कूल के आसपास कचरे के अनेको ढेर लगे है, मच्छरो का प्रकोप बढ रहा है।

रोजगार मेले से 74 को मिला रोजगार

नवभारत न्यूज

इटारसी, 18 नवम्बर 2025 वर्धमान फैब्रिक्स, बुधनी द्वारा शहर की युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद इटारसी के सहयोग से 18 नवंबर 2025 को एक भव्य रोजगार मेला आयोजित किया गया।

इस पहल के माध्यम से कंपनी ने योग्य युवतियों को रोजगार देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। रोजगार मेला का शुभारंभ विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया। इस अवसर पर वर्धमान फेबरिक्स बुधनी के एचआर आईआर विभाग का प्रतिनिधित्व अजय मालवीय ने किया, उनके साथ टीम के आरपी शर्मा, अमित त्रिपाठी, संतोष मालवीय, नम्रता दास, और भाव्या खरे मौजूद रहीं। मेले में कुल 161 युवतियों ने भाग लिया, जिसमें से 74 युवतियों का चयन किया गया। चयनित युवतियों में 42 को बस से बुधनी रवाना किया जाएगा, जबकि 32 युवतियां कंपनी के हॉस्टल में रहकर कार्य करेंगी।

दो बीएलओ का डिजिटाइजेशन शतप्रतिशत पूर्ण

नवभारत न्यूज

सोहागपुर, 18 नवम्बर 2025 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 अंतर्गत मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य मैं मैपिंग का एवं गणना प्रपत्रो का डिजिटाइजेशन का कार्य लगातार जारी है। वर्तमान में जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं के गणना प्रपत्रों को बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। 18 नवंबर 2025 को दोपहर 12.00 बजे तक जिले में कुल 961165 मतदाताओं में से 218383 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का संग्रहण किया जाकर मैपिंग एवं डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा चुका है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य में बीएलओ घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं एवं बीएलओ एप पर डिजिटाइजेशन का कार्य कर रहे हैं। विधानसभा क्षेत्र -138 सोहागपुर के मतदान केंद्र क्रमांक 195 की बीएलओ श्रीमती वर्षा गोस्वामी जो की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता है एवं मतदान केंद्र क्रमांक 256 की बीएलओ श्रीमती निशा ठाकुर ने मैपिंग एवं गणना प्रपत्रो का डिजिटाइजेशन का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया है। शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन कार्य करने पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने बीएलओ श्रीमती वर्षा गोस्वामी एवं श्रीमती निशा ठाकुर को बधाई देते हुए कार्य की सराहना की.

एकल अभियान प्रशिक्षण का हुआ समापन

पिपरिया एकल अभियान नर्मदापुरम अंचल में संच पिपरिया मे द्वारा 5 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा गांव गांव तक विस्तार करना है ताकि सनातनी परम्पराओ और संस्कृति से हर बच्चा परिचित हो सके। इस पांच दिवसीय कार्यशाला में सभी आचार्यो को अपने अपने ग्राम में पंचमुखी शिक्षा को हर ग्राम में विस्तारपूर्वक चलना है एक अभियान का कार्य तभी सफल होगा। जब सभी एक परिवार के तरह जिम्मेदारी निभाते हुए राष्ट्रहित में योगदान दे।

एसडीएएम महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति कार्यशाला

नवभारत न्यूज

सिवनी मालवा 18 नवम्बर सिवनी मालवा के एस डी ए एम महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कुसुम महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अशोक कुमार यादव, श्रीमती विजयश्री मालवीय एवं डॉ एस.के .सोनी के द्वारा स्वयं पोर्टल एवं अपार आई डी के संबंध में अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य राजेश कुशवाहा ने प्रशिक्षकों को पौधे भेंट कर किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए अध्यादेश तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के लिए स्वयं पोर्टल एवं अपार आई डी के संबंध में शिक्षकों और विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए महाविद्यालय में इस कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ अशोक कुमार यादव ने अध्यादेश 14 (1),14 (2) के बारे में बताया।

जनअभियान परिषद का आयोजन संपन्न

पिपरिया मप्र जनअभियान परिषद वूमेन चाइल्ड ओल्ड वेलफेयर सोसायटी नवांकुर संस्था द्वारा बिरसामुंडा जन्म जयंती सप्ताह के अंतर्गत खैरा में कार्यक्रम का आयोजन किया। ललित ठाकुर,केसू ठाकुर, लाल ठाकुर,बलीराम ठाकुर,रामउइके सहित जनजाति आदिवासी समाज परिवार के पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में शीतल मौर्य, दुर्गेश गोस्वामी, धर्मेन्द्र पटेल, देवेन्द्र पटेल, ब्रजेश प्रजापति, दयाशंकर उमरे,प्रवीण सहित पदाधिकारी सदस्यों ने सहभागिता दी.

विदेशी छात्र अध्ययन कर रहे भारतीय शिक्षकों से



नवभारत न्यूज

पिपरिया, 18 नवम्बर कोविड के बाद पूरी दुनिया में ऑनलाइन शिक्षा का दायरा तेजी से बढ़ा। इसी बदलाव ने कई युवाओं को शिक्षा-तकनीक में नए प्रयोग करने का मौका दिया। मध्यप्रदेश के पिपरिया शहर से निकलकर आयुष घुरका ने भी इसी परिवर्तन को समझा और 2022 में (ट्यूटर-ओलॉजी) नामक एक ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की शुरुआत की, जो आज अमेरिका, यूके, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे देशों के छात्रों को भारतीय शिक्षकों से लाइव, एक-से-एक ऑनलाइन सत्र उपलब्ध करवा रहा है। आयुष ने अपनी पढ़ाई एसजीएसआईटीएस इंदौर से इंजीनियरिंग में की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने महसूस किया कि कई बच्चों को विषयों की मूलभूत समझ में सहायता की आवश्यकता है। यहीं से उन्होंने पढ़ाने की शुरुआत की.पहले ऑफलाइन ट्यूशन, फिर ऑनलाइन सत्र और शैक्षणिक वीडियो। उनके यूट्यूब पर अपलोड किए गए नि:शुल्क गणितीय वीडियो हजारों छात्रों तक पहुँचे और यह अनुभव आगे चलकर ट्यूटर-ओलॉजी की नींव बना। कई देशों में माता-पिता अपने बच्चों के लिए भारतीय शिक्षकों को पसंद करते हैं। ट्यूटर-ओलॉजी इस आवश्यकता को संरचित तरीके से पूरा करने का प्रयास है, जहाँ छात्र अपनी सीखने की गति के अनुसार सत्र ले सकते हैं।

कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी जिला नर्मदापुरम (म प्र)

क्रमांक/361/रा.शा./नपाई/25 इटारसी दिनांक 18.11.2025

ईश्तहार प्रकाशन

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची/प्लाट नं - कमला नेहरू पार्क जो कि नगरपालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री विजयकांत चौरसिया पिता नर्मदा प्रसाद के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्रीमति रूबिना खान पति अकील उदीन के नाम किरायेदारी नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं . उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी के कार्यालयीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं . समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद इटारसी

कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी जिला नर्मदापुरम (म प्र)

क्रमांक/362/रा.शा./नपाई/25 इटारसी दिनांक 18.11.2025

ईश्तहार प्रकाशन

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची/प्लाट नं - तालाब लाईन जो कि नगरपालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री सुमित सेन पिता स्व. सुधीर सेन के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्री कृष्ण कुमार पिता चिरोंजीलाल के नाम किरायेदारी नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं . उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी के कार्यालयीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं . समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद इटारसी

कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी जिला नर्मदापुरम (म प्र)

क्रमांक/363/रा.शा./नपाई/25 इटारसी दिनांक 18.11.2025

ईश्तहार प्रकाशन

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद इटारसी की दुकान पक्की/कच्ची/प्लाट नं - दुर्गा चौक की दुकान जो कि नगरपालिका अभिलेख में किरायेदारी की दुकान श्री चंद्रकांत अग्रवाल पिता मालू राम अग्रवाल के नाम से दर्ज है जो किरायेदारी नाम परिवर्तन श्रीमति अंजना जैन पति श्री मुकेश कुमार जैन के नाम किरायेदारी नाम परिवर्तन कराना चाहते हैं . उक्त दुकान की किरायेदारी नाम परिवर्तन कराये जाने में किसी को आपत्ति है तो सभी मय दस्तावेज के साथ कार्यालय नगरपालिका परिषद इटारसी के कार्यालयीन समय में 15 दिवस के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं . समयावधि होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी,
नगरपालिका परिषद इटारसी

जाहिर सूचना

हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आशीष जायसवाल आत्मज श्री सोहनलाल जायसवाल, आयु 56 वर्ष, निवासी म .नं. 303, वार्ड नं. 20, गुरुनानक दालमिल के पीछे, गांधी नगर, इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) वालों ने एक आपसी का इकरारनामा /तबादलनामा रू 01,000/- के ई-स्टाम्प क्रमांक 0101480411202501335O दिनांक 04.11.2025 को श्रीमती सुषमा कहार पत्नी श्री श्याम कुमार कहार, आयु 47 वर्ष, निवासी क .नं. 15, वार्ड नं0 05, तिरूपति विहार के पीछे, बाम्बे वाली चाल, सूरजगंज, इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) से समक्ष नोटरी महोदय, इटारसी किया था, उक्त इकरारनामा/तबादलानामा में वर्णित तथ्यों के अनुसार श्रीमती सुषमा कहार की व्यवसायिक भूमि जो कि ग्राम रैसलपुर की परिवर्तित भूमि सर्वे नंबर 777/1/3 रकबा 0.206 हेक्टेयर याने कुल क्षेत्र 2060 वर्गमीटर जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रीमती सुषमा कहार के नाम से दर्ज चली आ रही है, को क्रय करने हेतु निष्पादित किया था, उक्त आपसी का इकरारनामा/तबादलानामा में वर्णित कथनों से श्रीमती सुषमा कहार पीछे हट रही हैं, जबकि मेरा पक्षकार सम्पादित आपसी का इकरारनामा/तबादलानामा की अंतर्निहित दी गयी जानकारी के पक्ष में आज भी अडिग है, जिसके लिए इस जाहिर सूचना के माध्यम से सभी को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, संगठन, निकाय अथवा ऐसा कोई भी जो श्रीमती सुषमा कहार से संदर्भित भूमि के विषय में यदि कोई विलेख वगैरह निष्पादित कराता है, तो वह अवैध एवं शून्य माना जावेगा। चूँकि मेरे पक्षकार ने दिनांक 04.11.2025 को उक्त आपसी का इकरारनामा/तबादलानामा निष्पादित किया है, इसलिए वह सभी पर बंधनकारी है। अतः जाहिर सूचना जानें। इस जाहिर सूचना में दी गयी अंतर्निहित जानकारी (करार की गयी भूमि) मेरे कार्यालय में सुरक्षित है। यदि जिस किसी के पास कोई अन्य दस्तावेज हों, तो वह मुझसे कार्यालय में संपर्क कर सकता है.

स्थान - इटारसी मप्र **सूचना जारीकर्ता**
दिनांक - 19.11.2025 संतोष कुमार गुरयानी अधिवक्ता

In The Court Of I Civil Judge Class-II, District Court, Narmadapuram
Presiding Officer: श्रीमती मधुबाला सोलंकी राजपूत
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS A/0000192/2025)

सुभाष सिंह उर्फ प्रमेंद्र सिंह राजपूत.....वादी
Vs
सर्वसाधारण .....प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक- 19/12/2025

प्रेषिती-(1) सर्वसाधारण पता जिला नर्मदापुरम मप्र
जिला कलेक्टर नर्मदापुरम पता कार्यालय जिला होशंगाबाद मप्र.

यह कि प्रार्थी सुभाष सिंह उर्फ प्रमेंद्र सिंह राजपूत ने आपके विरूद्ध व्यवहार वाद प्रकरण के लिये वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 14 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

मधुबाला सोलंकी
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्क खंड
जिला नर्मदापुरम (म.प्र)

टिप्पणी : प्रकाशन मेमो
कृपया ध्यान दें 1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।